# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 05 फरवरी 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 128

# महाकुंभ : 23वें दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन, भव्य आयोजन के लिए सरकार को सराहा

**महाकुंभ नगर** | आरएनएस



संगम नगरी प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी में रोजाना लाखों-करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान कर रहे हैं। इसी सिलसिले में महाकुंभ के 23वें दिन भी अधिक संख्या में श्रद्धालु संगम पहुंचे और आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने अच्छी व्यवस्था के लिए शासन-प्रशासन की तारीफ की और प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी को भी सराहा।

जम्मू की रहने वाली एक महिला श्रद्धालु वनिता सूरी ने बताया कि महाकुंभ में बहुत अच्छी व्यवस्था है। हम एक दिन पहले से आए हुए हैं और बहुत मजा आ रहा है। जैसे कि लोगों ने डराया हुआ था कि महाकुंभ नहीं जाना है, आते समय हमें डर भी लग रहा था, लेकिन यहां पर आकर बहुत अच्छा लगा। लेकिन यहां पर सारी व्यवस्था ठीक थी, सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ख्याल रखा गया है। जब हम रात में आए तो आर्मी और पुलिस के लोग भी मौजूद थे। हमने बहुत आराम से स्नान किया।

जम्मू से ही आए अमित ने बताया, महाकुंभ में बहुत अच्छी व्यवस्था थी। पीएम मोदी और सीएम योगी ने लोगों के लिए जो व्यवस्था की है, वो बहुत ही सराहनीय है। सुरक्षा का भी खास ख्याल रखा गया है।

एक अन्य श्रद्धालु भूपेंद्र सिंह ने बताया कि महाकुंभ की एक नंबर व्यवस्था है। मैं दो बार महाकुंभ में नहाया। एक बार बसंत पंचमी के दिन रात को 11 बजे और दूसरी बार सुबह चार बजे। महाकुंभ की व्यवस्था बहुत अच्छी थी, सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम थे। इस बार पुलिस एक जगह भीड़ जुटने नहीं दे रही है।

मौनी अमावस्या के दिन हुई भगदड़ को लेकर उन्होंने कहा, कोई डर का माहौल नहीं है। ये बहुत बड़ा आयोजन है। छोटे-मोटे हादसे के डर में घर में नहीं रह सकते।

## भूटान नरेश ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी, सीएम योगी रहे मौजूद



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने गंगा पूजन भी किया।

लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी और भूटान नरेश एक साथ प्रयागराज पहुंचे। हवाई अड्डे से दोनों सडक़ मार्ग से संगम तट पहुंचे। अरैल घाट से बोट में सवार होकर संगम गए और स्नान किया।

इस दौरान भूटान नरेश और मुख्यमंत्री योगी ने पक्षियों को दाना भी खिलाया। उनका लेटे हनुमान मंदिर और अक्षयवट जाने का भी कार्यक्रम है जहां वे दर्शन-पूजन करेंगे।

भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांग्चुक सोमवार को ही लखनऊ पहुंच गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भूटान नरेश को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका कुशलक्षेम जाना। भूटान नरेश ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभिवादन किया।

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से आए अनंता ने भगवान हनुमान का स्वरूप धारण किया हुआ है। वह इस रूप से भक्तों को खास संदेश दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस स्वरूप से भक्तों को ये संदेश दे रहे हैं कि सभी हिंदू राष्ट्र के लिए मदद करें, ताकि देश हिंदू राष्ट्र बने।

बता दें कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार महाकुंभ में 23वें दिन सुबह 8 बजे तक 20.65 लाख श्रद्धालु आए जबकि 30.65 लाख लोगों ने स्नान किया। महाकुंभ में 10 लाख से अधिक कल्पवासी मौजूद हैं। बता दें कि महाकुंभ में अभी तक 37.54 करोड़ से अधिक लोग आ चुके हैं।

# महाकुंभ में मारे गए लोगों के आंकड़े दें, बुलाएं सर्वदलीय बैठक : संसद में बोले अखिलेश यादव

**नई दिल्ली** | आरएनएस



समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संसद में महाकुंभ में हुई भगदड़ के दौरान मारे गए लोगों की संख्या को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने सरकार से इस मामले में सटीक आंकड़े पेश करने और सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है।

अखिलेश यादव ने सदन में कहा, महाकुंभ में हुई अव्यवस्थाओं और हादसों में कितने लोग मारे गए, सरकार को इसका सही-सही आंकड़ा पेश करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की लापरवाही और अव्यवस्थाओं के कारण कई निर्दोष श्रद्धालुओं की जान चली गई।

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा, सरकार लगातार बजट के आंकड़े दे रही है, लेकिन कृपया महाकुंभ में मरने वालों के आंकड़े भी दे। मेरी मांग है कि महाकुंभ की व्यवस्थाओं के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जानी चाहिए। महाकुंभ आपदा प्रबंधन और खोया-पाया केंद्र की जिम्मेदारी सेना को दी जाए। महाकुंभ दुर्घटना में हुई मौतों, घायलों के इलाज, दवाइयों, डॉक्टरों, भोजन, पानी, परिवहन की उपलब्धता के आंकड़े संसद में पेश किए जाएं। महाकुंभ त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए और जिन लोगों ने सच छुपाया है उन्हें सजा मिलनी चाहिए। हम डबल इंजन की सरकार से पूछते हैं कि अगर कोई दोष नहीं था तो आंकड़े क्यों दबाए गए, छिपाए गए और मिटाए गए ?...

# अवैध बांग्लादेशियों को वापस क्यों नहीं भेजा जा रहा, कब तक जेल में रखोगे; सुप्रीमकोर्ट ने केंद्र से मांगा स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली** | आरएनएस



सुप्रीम कोर्ट ने भारत में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की अनिश्चितकालीन हिरासत पर सवाल उठाया है। अदालत ने इन्हें उनके देश भेजने के बजाय पूरे भारत के सुधार गृहों में लंबे समय तक हिरासत में रखने के संबंध में केंद्र सरकार से जवाब मांगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने इस बात पर बल दिया कि जब किसी अवैध बांग्लादेशी प्रवासी को पकड़ा जाता है और विदेशी अधिनियम 1946 के अंतर्गत उसे दोषी ठहराया जाता है, तो उसकी सजा पूरी होने के तुरंत बाद उसे निर्वासित किया जाना चाहिए।

पीठ ने पूछा कि विदेशी अधिनियम के अंतर्गत अपनी सजा पूरी करने के बाद फिलहाल कितने अवैध आप्रवासियों को विभिन्न सुधार गृहों में हिरासत में रखा गया है? शीर्ष अदालत ने लगभग 850 अवैध प्रवासियों की अनिश्चितकालीन हिरासत पर चिंता व्यक्त की। एससी ने 2009 के परिपत्र के खंड 2 (1) का पालन करने में सरकार की विफलता पर सवाल उठाया, जो निर्वासन प्रक्रिया को 30 दिनों में पूरा करने का आदेश देता है। न्यायालय ने इस बात पर भी केंद्र से ठोस स्पष्टीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला कि ऐसे मामलों से निपटने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार से क्या कदम अपेक्षित हैं।

**'सजा पूरी होने के बाद सुधार गृहों में कैद'**

माजा दारूवाला बनाम भारत संघ का मामला 2013 में कलकत्ता उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय में भेजा गया था। यह मामला मूल रूप से 2011 में शुरू हुआ जब एक याचिकाकर्ता ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की दुर्दशा पर प्रकाश डाला, जिन्हें उनकी सजा पूरी होने के बाद भी पश्चिम बंगाल सुधार गृहों में कैद रखा गया था। शीर्ष अदालत में स्थानांतरित होने से पहले कलकत्ता एचसी ने इस मुद्दे पर स्वत: संज्ञान लिया था। पीठ ने कहा कि ये प्रथाएं मौजूदा दिशा-निर्देशों के विपरीत हैं, जो तेजी से निर्वासन प्रक्रियाओं की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। मामले की अगली सुनवाई 6 फरवरी को होगी।

**दिल्ली विधानसभा चुनाव**

# आचार संहिता उल्लंघन में आतिशी समेत कई लोगों पर दर्ज हुई एफआईआर

**नई दिल्ली** | आरएनएस




दिल्ली में विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले कालका जी विधानसभा क्षेत्र में बीती देर रात तक हंगामा हुआ। राजनीतिक पार्टियों ने एक-दूसरे पर मारपीट और कैश बांटने के आरोप लगाए हैं। इस हंगामे के बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी गोविंदपुरी थाने पहुंचीं और पुलिस को शिकायत दी, जिसमें उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं पर दिल्ली के झुग्गी बस्तियों के लोगों को धमकाने का आरोप लगाया है।

आतिशी का आरोप है कि उनकी शिकायत देने के बाद उल्टा पुलिस ने उनके और आप कार्यकर्ताओं के खिलाफ ही दो मामले दर्ज कर दिए। पुलिस के मुताबिक, दोनों ही मामले सरकारी काम में बाधा डालने और आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली चुनाव के प्रचार का समय कल समाप्त हो गया था, लेकिन देर रात तक अलग-अलग पार्टियों के कार्यकर्ता कई जगहों पर प्रचार करते हुए देखे गए, जिससे कई जगहों पर हंगामा हुआ। सबसे ज्यादा हंगामा कालका जी में हुआ, जहां मुख्यमंत्री आतिशी की सीट है। इस घटना के बाद गोविंदपुरी पुलिस स्टेशन में पुलिस ने आचार संहिता उल्लंघन के तहत आतिशी और उनके समर्थकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

दिल्ली पुलिस ने आचार संहिता उल्लंघन के पहले मामले में आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि आतिशी 10 गाडिय़ों और 50-60 समर्थकों के साथ फतेह सिंह मार्ग पर पहुंची थीं। जब पुलिस ने आचार संहिता का हवाला देते हुए वहां से जाने का आदेश दिया, तो उन्होंने इसे मना कर दिया। चुनाव आयोग की शिकायत पर उनके खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया।

दूसरे मामले में, आतिशी के समर्थकों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिस पर हमले का आरोप है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में भी केस दर्ज किया है। वहीं, भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के भतीजे मनीष बिधूड़ी के खिलाफ रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपुल्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। एक गाड़ी में संदिग्ध सामान होने की सूचना मिली थी, लेकिन जांच में कुछ भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।

पुलिस के मुताबिक 4 फरवरी को रात 12:30 बजे कालका जी (एसी-51) से आप उम्मीदवार आतिशी और उनके 50-70 समर्थकों के साथ फतेह सिंह मार्ग पर पाए गए। पुलिस ने उन्हें आचार संहिता के उल्लंघन का हवाला देते हुए वहां से जाने का निर्देश दिया। एफएसटी की शिकायत पर, गोविंदपुरी पुलिस स्टेशन में धारा 223 बीएनएस और 126 आरपी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

आतिशी ने आरोप लगाया चुनाव आयोग पक्षपात कर रहा है। आतिशी ने आरोप लगाया कि रमेश बिधूड़ी के परिवार के सदस्य खुलेआम आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग और पुलिस ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं, उन्होंने अपनी शिकायत पर पुलिस और चुनाव आयोग को बुलाए जाने के बाद उनके खिलाफ केस दर्ज किए जाने पर नाराजगी जताई और सवाल किया कि चुनावी प्रक्रिया की धज्जियां और कितनी उड़ाई जाएंगी।

# मोक्ष की तलाश: पाकिस्तान से 400 हिंदुओं की अस्थियां लाई गई भारत, गंगा विसर्जन की आस

**नई दिल्ली** | आरएनएस



पड़ोसी देश पाकिस्तान से करीब 400 हिंदुओं की अस्थियां भारत लाई गई हैं। जो लोग इन अस्थियों को भारत लाए हैं वे चाहते हैं कि इन अस्थियों का विसर्जन हरिद्वार में गंगा नदी में किया जाए। यह तीसरी बार है जब विभाजन के बाद पाकिस्तान से हिंदुओं की अस्थियां भारत लाई गई हैं। पहले 2011 और 2016 में भी अस्थियां लाई जा चुकी हैं।

महाकुंभ योग के दौरान भारत सरकार ने इन अस्थियों को भारत लाने के लिए वीजा जारी किया। रविवार (2 फरवरी) को कराची के श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित हुई, जहां मृतकों के परिजनों ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और विधिपूर्वक अंतिम विदाई दी। यह पहला अवसर नहीं है जब पाकिस्तान से हिंदू अस्थियां भारत भेजी गई हैं, लेकिन इस बार संख्या सबसे ज्यादा हैं।

# सरकार ने लिया बड़ा एक्शन, गौ-तस्करों को बीच सड़क पर गोली मारने का आदेश जारी

**कारवार** | आरएनएस




देश के कई राज्यों में गाय तस्करी के मामले सामने आ रहे है। जिसकों लेकर अब कर्नाटक सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। उत्तर कन्नड़ जिले में गाय चोरी की घटनाओं के बीच, जिले के प्रभारी मंत्री मंकल एस वैद्य ने चेतावनी दी है कि ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों को खुलेआम गोली मार दी जाएगी।

**गर्भवती गाय की हत्या पर बोले मंत्री वैद्य-** मंत्री ने कहा कि वह जिले में ऐसी गतिविधियों को जारी नहीं रहने देंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन गायों की रक्षा और उन्हें पालने वालों के हितों के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। मंत्री का यह बयान यहां होन्नावर के पास एक गर्भवती गाय की हत्या की हालिया घटना पर आक्रोश के मद्देनजर आया है। गाय चोरी कई सालों से हो रही है। मैंने एसपी से कहा है कि यह बंद होना चाहिए और किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं होना चाहिए। हम गायों की पूजा करते हैं। हम इस जानवर को प्यार से पालते हैं। हम इसका दूध पीकर बड़े हुए हैं। पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि उन्होंने पुलिस को निर्देश दिया है कि इसके पीछे जो लोग हैं, चाहे वे कोई भी हों, उनके खिलाफ निर्दयी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी चीजें जारी रहीं तो मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि आरोपियों को सडक़ पर गोली मार दी जाए।

# आजादी के बाद पहली बार राष्ट्रपति भवन में गूंजेंगी शहनाई, सुरक्षा में तैनात पीएसओ और सीआरपीएफ अधिकारी को मिली शादी की मंजूरी

**नई दिल्ली** | आरएनएस



आजादी के बाद पहली बार भारत के राष्ट्रपति भवन में शहनाई गूंजने जा रही है। दरअसल, द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा में तैनात पीएसओ पूनम गुप्ता और सीआरपीएफ अधिकारी अवनीश सिंह को रायसीना हिल्स स्थित राष्ट्रपति भवन में शादी की मंजूरी मिल गई है। दोनों की शादी इसी महीने वैलेंटाइन वीक में होने जा रही है।

राष्ट्रपति की सुरक्षा में तैनात पूनम गुप्ता ने राष्ट्रपति भवन में ही शादी करने के लिए महामहिम द्रौपदी मुर्मू से मंजूरी मांगी थी, मंजूरी मिलने के बाद अब राष्ट्रपति भवन में शादी की तैयारी शुरू हो गई है। पूनम अपने मित्र अवनीश से यहां पर सात फेरे लेंगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा में तैनात पूनम यूपीएससी के जरिए केंद्रीय सुरक्षा बल की नौकरी में आई हैं। 2018 में उन्हें सहायक कमांडर पद पर नियुक्त किया गया था। पूनम बिहार में नक्सल ऑपरेशन में भी अहम भूमिका निभा चुकी हैं। पूनम ने 74वें गणतंत्र दिवस के मौके पर महिला टुकड़ी का भी नेतृत्व किया था।

पूनम के होने वाले पति अवनीश सिंह भी सीआरपीएफ में सहायक कमांडर हैं। अवनीश अभी जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं। दोनों का लव मैरिज है। राष्ट्रपति भवन में होने वाले इस शादी समारोह में दोनों परिवार के करीबी लोग ही शामिल होंगे। पूनम मूल रूप से मध्य प्रदेश की रहने वाली हैं। इस भवन में कई भोज आयोजन अब तक हुए हैं, लेकिन सिर्फ राजकीय पहली बार राष्ट्रपति भवन में शादी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह मदर टेरेसा क्राउन कॉम्प्लेक्स में होगा। यह फैसला सुरक्षा के दृष्टिकोण से लिया गया है। हालांकि, राष्ट्रपति भवन की ओर से आधिकारिक जानकारी इसको लेकर नहीं दी गई है।

## अंतर्राष्ट्रीय

### ग्रीस के सेंटोरिनी में भूकंप के कारण स्कूल बंद, उठाए गए एहतियाती कदम

**एथेंस।** ग्रीस के सेंटोरिनी द्वीप स्थित लोकप्रिय पर्यटन स्थल, एजियन सागर में स्थित स्कूल सोमवार को बंद कर दिए गए। फुटबॉल मैदानों पर टेंट लगा दिए गए हैं। अधिकारियों ने सप्ताहांत में आए भूकंपों के बाद ये एहतियाती कदम उठाए हैं। एथेंस की राष्ट्रीय वेधशाला के वैज्ञानिकों के अनुसार, शुक्रवार से अब तक सेंटोरिनी और अमोरगोस सहित आस-पास के द्वीपों में 300 से अधिक भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं, जिनकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 तक पहुंची है। हालांकि, ग्रीस कई फॉल्ट लाइनों पर स्थित है और यहां प्रतिदिन भूकंप आते हैं, लेकिन 2012 के बाद से एजियन सागर के इस हिस्से में भूकंपीय गतिविधि में इतनी वृद्धि दर्ज नहीं की गई है। वैज्ञानिकों ने कहा कि उस समय, भूकंप के झटके कई महीनों तक चले, लेकिन इससे जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। सेंटोरिनी हेलेनिक ज्वालामुखी आर्क का हिस्सा है। इतिहासकारों के अनुसार, 3,600 साल पहले एक बड़े ज्वालामुखी विस्फोट के कारण विनाशकारी सुनामी आई थी, जो क्रेते तक पहुंच गई थी। हालांकि, आधुनिक इतिहास में कोई भी बड़ी ज्वालामुखी आपदा दर्ज नहीं की गई है।

### अमेरिका में ट्रंप ने अवैध प्रवासियों पर लिया एक्शन, भारत के लिए रवाना हुआ सी-17 सैन्य विमान

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। इसी के बाद अब अमेरिका में बसे भारतीय अवैध प्रवासियों को भारत डिपोर्ट करने के लिए अमेरिका से ष्ट-17 विमान रवाना हो गया है। एक अमेरिकी अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने इमिग्रेशन एजेंडे को पूरा करने के लिए सेना की मदद ली है, जिसके तहत ही सैन्य एयरक्राफ्ट की मदद से लोगों को डिपोर्ट करने का काम शुरू किया जा चुका है। न सिर्फ भारतीय प्रवासियों को अमेरिका डिपोर्ट कर रहा है बल्कि उसने मेक्सिको के अवैध प्रवासियों को निकालने के लिए भी अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर अतिरिक्त सैनिकों को भेजा है। अमेरिका के एक अधिकारी ने कहा, अमेरिका का एक सैन्य विमान ष्ट-17 भारतीय प्रवासियों को डिपोर्ट करने के लिए रवाना हो गया है। इसी के साथ पेंटागन ने एल पासो, टेक्सास और सैन डिएगो, कैलिफोर्निया में अमेरिकी अधिकारियों द्वारा रखे गए 5,000 से अधिक अप्रवासियों को डिपोर्ट करने के लिए फ्लाइट देना भी शुरू कर दिया है। अब तक, सैन्य विमान प्रवासियों को ग्वाटेमाला, पेरू और होंडुरास ले गए हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता संभालने के बाद अमेरिका में सबसे बड़ी अवैध प्रवासियों को देश से डिपोर्ट करने के लिए मुहिम शुरू कर दी है और अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया है। ट्रंप के आदेश के बाद अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन ने देश से डिपोर्ट करने के लिए के लिए 1.5 मिलियन लोगों की लिस्ट बनाई है, जिसमें 18 हजार भारतीय भी शामिल हैं। प्यू रिसर्च सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, भारत से लगभग 725,000 अवैध अप्रवासी अमेरिका में रहते हैं, जो मेक्सिको और अल साल्वाडोर के बाद अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है।

### सीरिया के मनबीज शहर में हुआ बम धमाका, 15 लोगों की मौत; दर्जनों घायल

**दमिश्क ।** उत्तरी सीरिया के मनबीज शहर के बाहरी इलाके में भीषण बम धमाका हुआ है। इस धमाके में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। स्थानीय नागरिक सुरक्षा और युद्ध निगरानी संस्था ने इस घटना की पुष्टि की है। धमाका कृषि श्रमिकों को ले जा रहे एक वाहन के पास हुआ था। बशर असद के शासनकाल के बाद से पूर्वोत्तर अलेप्पो प्रांत के मनबीज में हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। तुर्किये समर्थित गुट 'सीरियन नेशनल आर्मी' और अमेरिका समर्थित कुर्द नेतृत्व वाली 'सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस' के बीच लगातार टकराव हो रहा है। सीरिया में आतंकवाद का खतरा अभी भी बना हुआ है। हालांकि इस्लामिक स्टेट का प्रभाव पहले की तुलना में कम हुआ है, लेकिन आतंकी गतिविधियां जारी हैं। बीते साल नवंबर में दारा में और उससे पहले अजाज में भी बम धमाके हुए थे।